**भारत सरकार**

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 5175**

**(दिनांक 02.04.2025 को उत्तर देने के लिए)**

**सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की स्थापना के लिए राजसहायता**

**5175. श्रीमती रुचि वीराः**

**क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान देशभर में अब तक राज्यवार और स्थानवार विशेषकर उत्तर प्रदेश में कितने आधुनिक सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित किए गए हैं;

(ख) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान देशभर में विशेषकर उत्तर प्रदेश में स्थापित अनेक सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को लगभग दस लाख रुपये की राजसहायता का भुगतान किया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है और इनकी संख्या कितनी है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

**उत्तर**

**सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री**

**(डॉ. एल. मुरूगन)**

**(क):** भारत के सभी प्रचालनरत सामुदायिक रेडियो स्टेशनों (सीआरएस) की सूची, उत्तर प्रदेश सहित राज्य और जिलेवार, नीचे दिए गए वेबपेज लिंक https://mib.gov.in/sites/default/files/2025-03/list-of-commissioned-community-radio-stations-in-india-as-on-27.03.2025-1.pdf. पर उपलब्ध है।

**(ख) से (घ):** विगत तीन वर्षों, 2021-24 तक "भारत में सामुदायिक रेडियो अभियान को समर्थन" स्कीम के तहत सामुदायिक रेडियो स्टेशनों (सीआरएस) को दी गई वित्तीय सहायता, उत्तर प्रदेश सहित राज्य-वार निम्नलिखित है -

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **राशि रुपए में** | **सीआरएस की संख्या** |
|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 10,00,000 | 1 |
| बिहार | 4,11,423 | 1 |
| छत्तीसगढ | 27,50,000 | 3 |
| हरियाणा | 13,16,888 | 2 |
| कर्नाटक | 64,68,120 | 8 |
| केरल | 31,41,632 | 5 |
| लद्दाख | 10,00,000 | 1 |
| मध्य प्रदेश | 65,00,000 | 7 |
| महाराष्ट्र | 77,50,000 | 8 |
| नागालैंड | 12,00,000 | 1 |
| ओडिशा | 63,99,963 | 7 |
| राजस्थान | 30,00,000 | 3 |
| सिक्किम | 6,80,431 | 1 |
| तमिलनाडु | 25,73,035 | 4 |
| तेलंगाना | 5,16,039 | 1 |
| उत्तर प्रदेश | 77,84,156 | 9 |
| उत्तराखंड | 20,00,000 | 2 |

*****